# जेके सीमेंट सहित पांच बड़ी परियोजनाएं लेंगी आकार

**▶ कैबिनेट कमेटी ने दी प्रस्तावों को मंजूरी**



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 9 दिसंबर. खजुराहो में मंगलवार को निवेश संवर्धन संबंधी कैबिनेट कमेटी की बैठक भी हुई, जिसमें जेके सीमेंट के विस्तारित प्लांट सहित पांच बड़े निवेश प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई.**

कैबिनेट कमेटी की बैठक में जेके. सीमेंट कंपनी के निवेश प्रकरण पर चर्चा हुई. जेके सीमेंट भविष्य में 1850 करोड़ रूपये से अधिक के अतिरिक्त निवेश से यूनिट का विस्तार कर रही है, जिससे 800 लोगों को रोजगार मिलेगा. वर्तमान में पन्ना जिले में 2600 करोड़ की परियोजना पर काम कर रही है, जिसमें 6 हजार से अधिक लोगों को रोजगार भी मिल रहा है. अब इस प्रोजेक्ट को विस्तार दिया जाएगा.

कैबिनेट कमेटी की बैठक में अल्केम लैबोरेट्रीज कंपनी का निवेश प्रकरण भी रखा गया. यह कंपनी फार्मा क्षेत्र में फार्मूलेशन-एपीआई और बल्क ड्रग प्रोडक्शन कर रही है. इस कंपनी ने मुंबई में हुए रोड-शो के दौरान 500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की इच्छा जताई थी. कंपनी ने उज्जैन के विक्रम उद्योगपुरी में टैबलेट, कैप्सूल, ड्राई सिरप और ड्राई पाऊडर इंजेक्शन के निर्माण के लिए यूनिट की स्थापना का प्रस्ताव दिया है. इससे 500 लोगों को रोजगार मिलेगा. कमेटी ने इस प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है.

कैबिनेट कमेटी को बैठक के दौरान बताया गया कि विश्व की सबसे बड़ी पोटेटो फ्लेक्स निर्माताओं में शामिल अहमदाबाद की इस्कॉन बालाजी फूड्स ने उज्जैन की विक्रम उद्योगपुरी में 110 करोड़ रूपये के निवेश से यूनिट स्थापित कर उत्पादन शुरू कर दिया है. इससे 350 लोगों को रोजगार मिला है. वहीं राज्य में डिजिटल अवसंरचना, क्लाउड सेवाओं तथा डेटा-आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में मेसर्स कंट्रोल एस डेटा सेंटर लिमिटेड द्वारा बड़वई आईटी पार्क, भोपाल में लगभग 500.20 करोड़ रूपये के निवेश से डेटा सेंटर सुविधा विकसित की जा रही है. परियोजना से प्रदेश में लगभग 870 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार अवसरों का सृजन होगा. यह निवेश प्रदेश में डिजिटल अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. बैठक में कैबिनेट कमेटी ने सभी प्रस्तावित एवं संचालित परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक अनुमोदन दिया.

### ▶ ग्वालियर में सीसीएल मेन्युफेक्चरिंग यूनिट

कमेटी के सामने राज्य में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, ईएसडीएम यानी इलेक्ट्रानिक डिजाइनिंग सिस्टम एंड मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर को प्रोत्साहन प्रदान करने एवं स्थानीय उत्पादन क्षमताओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से केदारा इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा ग्वालियर, मध्यप्रदेश में लगभग 327.10 करोड़ रूपये के निवेश सेकॉपर क्लैड लैमिनेट सीसीएल निर्माण इकाई स्थापित किए जाने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे मंजूरी दे दी गई. इस परियोजना से राज्य में लगभग 220 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर उपलब्ध होंगे.

# एमपी में तीन दिनों तक शीतलहर का अलर्ट

## प्रदेश में ठंड का कहर : कोल्ड डे की चपेट में कई जिले

**भोपाल, 9 दिसंबर. मध्य प्रदेश में कड़ाके की ठंड ने जनजीवन पर गहरा असर डाल दिया है. उत्तरी बर्फीली हवाओं के कारण तापमान लगातार गिर रहा है और कई जगहों पर न्यूनतम पारा 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया है. मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक शीतलहर और कुछ जिलों में कोल्ड डे की चेतावनी जारी की है.**



प्रदेश के भोपाल, इंदौर, राजगढ़, विदिशा, सीहोर, शाजापुर, जबलपुर, सिवनी और शहडोल जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि नरसिंहपुर में कोल्ड डे की स्थिति बनने की आशंका जताई गई है. ठंडी हवाओं का असर इतना तेज है कि सुबह और रात के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है. पिछले 24 घंटों में प्रदेश के सभी संभागों में मौसम शुष्क रहा.

> मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ इस समय मध्य क्षोभमंडल में सक्रिय है, जो हिमालयी क्षेत्र के पास 5.8 किमी की ऊंचाई पर स्थित है. इसके अलावा उत्तर भारत के मैदानी इलाकों के ऊपर 12.6 किमी पर उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम 222 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बह रही हैं. 13 दिसंबर से एक नया, हालांकि कमजोर पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी इलाकों को प्रभावित करेगा, जिसके चलते ठंड और बढ़ सकती है.

## पोहरी विधायक को जान से मारने की धमकी



**शिवपुरी.** जिले के पोहरी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक कैलाश कुशवाहा को फोन पर धमकी दिए जाने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.विधायक कुशवाहा ने आज बताया कि उन्हें प्रभात रावत नाम के व्यक्ति द्वारा फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई थी. इस मामले में उन्होंने कोतवाली शिवपुरी में कल शाम प्रकरण दर्ज कराया है. पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज करके जांच शुरू कर दी है.

# देवसर व चितरंगी को मिला सिविल अस्पताल का दर्जा

## देवसर 30 से 50 एवं चितरंगी 30 से 100 बेड की मिली मंजूरी




**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 9 दिसम्बर। चितरंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को पिछले चार वर्षो से सिविल अस्पताल बनाने का तत्कालीन विधायक अमर सिंह के प्रयास पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ऐलान भी किया था, लेकिन मामला लटका रहा, आज डॉ. मोहन सरकार की कैबिनेट की बैठक में चितरंगी एवं देवसर सीएससी को सिविल अस्पताल बनाने का रास्ता साफ हो गया है।**

प्रदेश सरकार की आज दिन मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में सिंगरौली जिले के लिए दो महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सौगातें स्वीकृत की गईं। निर्णय के अनुसार देवसर उपस्वास्थ्य केंद्र को 30 से बढ़ाकर 50 बेड तथा चितरंगी उपस्वास्थ्य केंद्र को 30 से बढ़ाकर 100 बेड के सिविल अस्पताल के रूप में विकसित किया जाएगा। इन दोनों परियोजनाओं को मंजूरी मिलते ही क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का मार्ग प्रशस्त हो गया है, जिससे हजारों ग्रामीणों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए अब दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

# लग्जरी कार से 53 हजार की देशी-विदेशी शराब जब्त

## सासन चौकी पुलिस ने घेराबंदी कर कार को दबोचा, आरोपी फरार




**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 9 दिसम्बर। सासन चौकी पुलिस ने बीती रात ग्राम सासन रेण नदी पुलिया के पास घेराबंदी करते हुये एक संदिग्ध लग्जरी कार से करीब 83 लीटर, कीमत करीब 53 हजार रूपये की देशी-विदेशी शराब जप्त कर वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं पुलिस के अनुसार आरोपी पुलिस को देख अंधेरे का फायदा उठाते हुये वाहन छोड़ भाग खड़ा हुए।**

चौकी प्रभारी संदीप नामदेव के अनुसार अवैध शराब के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बीते दिन सोमवार की रात 11:30 चौकी सासन पुलिस ने डस्टर कार वाहन क्रमांक यूपी 16 बीसी 3058 को ग्राम सासन रेण नदी पुलिया के पास अवैध शराब परिवहन करते हुए पकड़ कर मौके की सम्पूर्ण कार्यवाही कर कब्जे 9 पेटी अंग्रेजी शराब जिसमें 8 पेटीगोवा कंम्पनी की विस्की, 1 पेटी बियर पावर 1000 टिन के कुल शराब 82.74 लीटर कीमत 53184 रुपये एवं डस्टर कार वाहन क्रमांक यूपी 16 बीसी 3058 कीमत10 लाख रुपये की जप्त कर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर अज्ञात आरोपी की पता तलाश जारी है। उक्त कार्रवाई में संदीप नामदेव चौका प्रभारी, सउनि सुरेन्द्र पाण्डेय, लेखचन्द्र दोहर, प्रआर अनिल नवौत, मो. कौसर, हेमराज पटेल, सुमत कोल, बलराज सिंह, संतोष साकेत, आर फतेबहादुर सिंह, प्रवीण तिवारी, विकाश तिवारी का सराहनीय योगदान रहा

# अपहृत बालक को टाकीज मोहल्ला से किया दस्तयाब

## कोतवाली के बलियरी से गायब हुआ था बालक



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 9 दिसम्बर। बलियरी से एक 9 वर्ष का बालक अचानक गायब हो गया, जहां सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम ने पॉच घंटे के अंदर ही अपहृत बालक को टाकीज मोहल्ला से दस्तयाब करने में सफल रही।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सूचनाकर्ता अंगुरबती द्वारा अपनी बालक सूरज साकेत पिता स्व. शिवकुमार साकेत उम्र 9 वर्ष निवासी कठदहा थाना सरई हाल बलियरी को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने की रिपोर्ट पर थाना बैढ़न में धारा 137(2) बीएनएस का कायम किया है। जहां थाना प्रभारी अशोक सिंह परिहार द्वारा सउनि सजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल की टीम गठित कर अपहृत बालक को हर संभव यथा स्थान पर पता तलाश कराई गई। बालक सूरज साकेत उम्र 9 वर्ष की अपहरण की संभावना बताई जा रही थी, जिसे कोतवाली पुलिस द्वारा गंभीरता से लेते हुए पता तलाश के दौरान अपहृत बालक सूरज साकेत को आज दिन मंगलवार को प्रातः टाकीज मोहल्ला से दस्तयाब किया गया, जिनके द्वारा स्वेच्छा से घूमने जाना बताया गया, अपहरण की बात निराधार पाई गई है।

बालक को सकुशल उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। अपृहत बालक का परिवार 5 दिन पूर्व ही गांव से आये हुये थे। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक अशोक सिंह परिहार, सउनि सजीत सिंह, प्रआर राजेश मरकाम, प्रआर राजकुमार विश्वकर्मा, आर अभिमन्यु उपाध्याय का सराहनीय योगदान रहा।

# सीएमएचओ की पत्नी का निर्वस्त्र शव मिलने से फैली सनसनी

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 9 दिसंबर. यूनिवर्सिटी थाना क्षेत्र में एक घर से रिटायर्ड सीएमएचओ की पत्नी का शव निर्वस्त्र हालत में मिला है. शव लगभग पांच दिन पुराना बताया जा रहा है. पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया.**

शहर के सिटी सेंटर साइट नंबर एक स्थित आकाशदीप अपार्टमेंट के सामने 61 वर्षीय अनीता शर्मा अकेली रहती थीं. उनके पति ग्वालियर में सीएमएचओ पद पर कार्यरत रहे थे. उनकी पहले ही मौत हो चुकी है. अनीता शर्मा के दो बच्चे हैं. बेटा अनीश पुणे में रहता है, जबकि बेटी निधि बेंगलुरु में नौकरी करती है. चहल-पहल न होने पर पड़ोसियों ने दी जानकारी पड़ोसियों ने बताया कि अनीता पिछले चार-पांच दिनों से घर से बाहर नहीं निकली थीं. घर में काम करने वाली बाई भी बाहर से आवाज लगाकर वापस चली जाती थी. कोई चहल-पहल न देखकर पड़ोसियों ने ग्वालियर में रहने वाले अनीता के भाई को सूचना दी. भाई और उनके बेटे के ससुराल पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे. जब घर से कोई जवाब नहीं मिला, तो पुलिस को बुलाया गया. पुलिस को घर में दाखिल होने में काफी मशक्कत करनी पड़ी.

# विंध्याचल में एग्जिक्यूटिव डेवलपमेंट प्रोग्राम की हुई शुरुआत




**नवभारत न्यूज**

**विंध्यनगर 9 दिसम्बर। आरएलआई विंध्याचल में बीते दिन सोमवार को दो सप्ताह के एग्जिक्यूटिव डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया, जिसके माध्यम से नॉर्दर्न रीजन के विभिन्न एनटीपीसी स्टेशनों विंध्याचल, सिंगरौली, रिहंद, मेजा, दादरी, उंचाहार एवं टांडा से आए 23 नव-नियुक्त एग्जिक्यूटिव्स को नेतृत्व विकास की संरचित यात्रा से जोड़ा गया।**

इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पेशेवरों में रणनीतिक दृष्टिकोण, अंतर-विभागीय समझ एवं नेतृत्व क्षमता का निर्माण करना है, ताकि वे भविष्य में अधिक उत्तरदायित्वपूर्ण भूमिकाओं को सफलतापूर्वक निभा सकें। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख ने सभी प्रतिभागियों को एग्जिक्यूटिव कैडर में प्रवेश के लिए बधाई दी और बदलते ऊर्जा परिदृश्य में दूरदर्शी एवं चुस्त नेतृत्व विकसित करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह एग्जिक्यूटिव डेवलपमेंट प्रोग्राम, प्रतिभागियों को आवश्यक प्रबंधकीय कौशल, पेशेवर आत्मविश्वास तथा नेतृत्वकारी सोच से सशक्त करेगा, जो एनटीपीसी की निरंतर सीखने और उत्कृष्टता की संस्कृति के अनुरूप है। मुख्य अतिथि एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए डॉ. देबसमिता त्रिपाठी अपर महाप्रबंधक ने बताया कि यह कार्यक्रम कर्मचारियों को एग्जिक्यूटिव भूमिका में संक्रमण के दौरान आवश्यक कौशल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, जो व्यापक जागरूकता, अनुकूलनशीलता और प्रभावी पारस्परिक संचार की अपेक्षा रखती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे पूरे उत्साह के साथ इस सीखने की यात्रा में शामिल हों और अपने संबंधित प्रोजेक्ट्स में लौटकर बेहतर प्रदर्शन के साथ योगदान दें।

## कलेक्टर ने जय ज्योति सीनियर सेकेण्डरी स्कूल जेपी नगर को दिया कारण बताओ नोटिस

**रीवा, 9 दिसम्बर,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जय ज्योति सीनियर सेकेण्डरी स्कूल जेपी नगर के संचालक/प्राचार्य को अभिभावकों की बिना जानकारी के शुल्क में वृद्धि किये जाने तथा विद्यालय प्रबंधन द्वारा टीसी न दिये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है. उल्लेखनीय है कि गतदिनों जनसुनवाई में अभिभावकों द्वारा स्कूल प्रबंधन द्वारा मनमानी शुल्क वृद्धि व टीसी न देने की शिकायत की गई थी. तीन सदस्यीय प्राचार्यो की जांच समिति द्वारा दिये गये जांच प्रतिवेदन में विद्यालय प्रबंधन द्वारा मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों के विनिमयन का उल्लंघन पाया गया. कलेक्टर द्वारा विद्यालय प्रबंधन को 2 लाख रूपये की शास्ति अधिरोपित किये जाने का नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं.

# रीवा की लाड़ली बहनों के खातों में 50 .81 करोड़ आए

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 दिसम्बर, मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा जिला छतरपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया गया.**

रीवा की बहनो के खातो में 50.81 करोड़ रूपये की राशि अंतरण किया गया. साढ़े तीन लाख से अधिक महिला हितग्राही रीवा में है. मुख्यमंत्री के संदेश एवं योजना के उद्देश्यों को लेकर आयोजित यह प्रदेशव्यापी कार्यक्रम लाइव प्रसारण के माध्यम से समस्त जिलों में देखा गया.


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) वृत्त**
**म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि. सिंगरौली**
E-mail-seonmsingrauli@gmail.com.phome-07805-350260

क्र./अ.अभि./सं.रां./टेण्डर/क्रय/2711 — सिंगरौली, दिनांक 09.12.2025

**-:निविदा सूचना:-**

संचा./संधा. वृत्त सिंगरौली के अन्तर्गत Empanelment of contractors to award a contract for Installation ThC of 11KV line DTR LT line and Providing Household Connection with House Wiring toUn electrified Households in Villages identified under DA JGUA by MoTA in OnM circle singrauli. हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानसार है:-

| sr. No | Tender Specification No | Particular of work | Approx Value (Rs.in Lakhs) | Tender Fee (in Rs) | Due date & time of opening of tender online |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TS NO.SE/O&M/SGRL/Pur/2697Dtd.08.12.2025 (e-Tender No.2025_PKVVC_466856_1) | Empanelment of contractors to a ward a contract for Installation TnC of 11KV Line DTR LTline and providing Household Connection with House Wiring to Un electrified Households in Villages identified under Dharti Aaba Janjatiya Gran Utkarsh Abhiyan (DAJGUA( by Ministry of Tribal Affairs (MoTA) in O&M Circle Singrauli. | 114.37 Lakhs | 5000+ GST | 26-12-2025 |

ì SAVE TREES, SAVE PAPER, SAVE ELECTRICITY ì

अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.)
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि., सिंगरौली


# बहुती नहर का कार्य 31 जनवरी तक अनिवार्य रूप से पूरा करें : जामोद

## सिंचाई परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन में देरी न करें



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 दिसम्बर, कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में संभाग की सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की. बैठक में कमिश्नर ने कहा कि बहुती नहर परियोजना का कार्य 31 जनवरी तक अनिवार्य रूप से पूरा कराएं.**

जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिल सके. नहर में लाइनिंग, मुख्य गेट और बायोडक्ट का कार्य 15 जनवरी तक पूरा कराएं. इस परियोजना से 65 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिलेगी. नईगढ़ी फ्लो सिंचाई परियोजना से भी किसानों को पानी उपलब्ध कराएं. जल संसाधन विभाग के इंजीनियर लगातार क्षेत्र का भ्रमण करके सिंचाई के लिए पानी का व्यवस्थित वितरण कराएं. किसानों से सतत संपर्क रखकर सिंचाई के संबंध में फीडबैक प्राप्त करें. किसानों द्वारा बताई गई कठिनाई को तत्काल दूर कराएं.

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि सिंचाई परियोजनाओं के लिए आवश्यक भू-अर्जन में देरी न करें. समय पर प्रस्ताव कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करें. हनुमना-सीतापुर लिफ्ट इरिगेशन परियोजना के मुख्य बांध के निर्माण के लिए वन विभाग की अनुमति के बाद ही कार्य शुरू कराएं. दौरी सागर बांध निर्माण के लिए कलेक्टर सतना द्वारा 239 हेक्टेयर भूमि वन विभाग को उपलब्ध करा दी गई है तथा 93 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है. वन विभाग को प्रस्तावित भूमि हस्तांतरित करके बांध का निर्माण शुरू कराएं. बैठक में गोड़ सागर परियोजना जिला सीधी, मझगवां बांध जिला सतना तथा अन्य सिंचाई परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई.

**चार जिले में एक लाख 20 हजार हेक्टेयर में सिंचाई होगी**-बैठक में मुख्य अभियंता जल संसाधन एके डेहरिया ने बताया कि सीतापुर-हनुमना लिफ्ट इरिगेशन से चार जिलों में एक लाख 20 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी. इसमें वन भूमि में निर्माण कार्य तथा पर्यावरण स्वीकृति के लिए आवेदन कर दिया गया है. वन विभाग के साथ संयुक्त रूप से सर्वेक्षण करके भू-अर्जन की बाधाएं दूर की जाएंगी. गोड़ परियोजना में सीधी जिले के ग्राम गोतरा में 70 हेक्टेयर जमीन का भू-अर्जन किया जा रहा है. दौरी सागर बांध निर्माण के लिए वन विभाग द्वारा शर्तों के साथ अनुमति दी गई है. बांध का निर्माण कार्य अभी निजी भूमि स्वामियों से अर्जित जमीन पर शुरू किया जाएगा. बांध भरने के बाद वन क्षेत्र डूब में आएगा. जब तक वन विभाग की अनुमति नहीं मिलेगी तब तक बांध के गेट नहीं बंद किए जाएंगे. मंदाकिनी नदी को सदानीरा बनाने के लिए इसका निर्माण कार्य तत्काल शुरू किया जाना आवश्यक है. बैठक में संयुक्त आयुक्त एलएल अहिरवार तथा संभाग के सभी जिलों के सिंचाई परियोजनाओं के कार्यपालन यंत्री उपस्थित रहे.


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) वृत्त**
**म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि. सिंगरौली**
E-mail-seonmsingrauli@gmail.com.phome-07805-350260

क्र./अ.अभि./सं.रां./टेण्डर/क्रय/2713 — सिंगरौली, दिनांक 09.12.2025

**-:निविदा सूचना:-**

संचा./संधा. वृत्त सिंगरौली के अन्तर्गत Empanelment of contractors to award a contract for Installation Testing and Commissioning of 11KV line Distribution Transformer LT line and Servoce Line with associated accessories for Providing Single phase 3KW NDL Connection to Unelectrified Govt Primary and middle Schoole in O&M circle Singrauli हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानसार है:-

| sr. No | Tender Specification No | Particular of work | Approx Value (Rs.in Lakhs) | Tender Fee (in Rs) | Due date & time of opening of tender online |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TS NO.SE/O&M/SGRL/Pur/2696Dtd. 08.12.2025 (e-Tender No.2025_PKVVC_465570_1) | Empanelment of contractors to a ward a contract for Installation Testing and Commissioning of 11KV Line Distribution Transformer LT line and Service Line with associated accessiries for providing Single phase 3KW NDLConnection to Unelectrified Govt Primary and Middle Schools in O&M circle Singrauli. | 211.37 Lakhs | 5000+ GST | 26-12-2025 |

ì SAVE TREES, SAVE PAPER, SAVE ELECTRICITY ì

अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.)
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि., सिंगरौली